Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-02-2007

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title: Need to spend some amount of the profit earned by ONGC in Mehsana, Gujarat for the development of the region.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा में हजारों की तादाद में तेल के कुएं हैं जिनसे ओ.एन.जी.सी अरबों रूपये का तेल एवं गैस निकलाती है। ओएनजीसी ने अभी हाल ही में अपने एक विज्ञापन में बताया है कि जिन क्षेत्रों में तेल एवं गैस निकले जाते हैं उनसे प्राप्त लाभ का एक प्रतिशत उस क्षेत्र के विकास कार्य एवं सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए खर्च किया जाता है परंतु इस सदन को यह बताते हुए खेद हो रहा है कि ओएनजीसी ने कभी भी मेरे क्षेत्र मेहसाणा में तेल एवं गैस से हुए लाभ का एक प्रतिशत खर्च नहीं किया है। ओएनजीसी जहां से भी तेल और गैस निकाल रही है उनमें से सबसे उच्च क्वालिटी का तेल मेहसाणा में मिल रहा है। ओएनजीसी के कुल भ में मेहसाणा की देन 35 प्रतिशत के करीब है। ओएनजीसी के कार्य से मेरे संसदीय क्षेत्र की भूमि खराब हो रही है, पेयजल में फ्लोराइड पैदा हो गया है तथा भूमि जलस्तर 1500 फुट के करीब चला गया है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा से हुए लाभ का एक प्रतिशत ओएनजीसी स्थानीय विकास के लिए खर्च करे।